सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 158 | इंदौर, सोमवार 23 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## पीएम मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च सम्मान

### 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक द ग्रेट' से नवाजे गए



**कुवैत सिटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक द ग्रेट' से नवाजा गया है। यह सम्मान कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल सबा ने प्रदान किया। पीएम मोदी को यह सम्मान भारत और कुवैत के बीच रिश्तों को मजबूत करने में उनके योगदान के कारण दिया गया है। यह किसी देश द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाने वाला 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। नवंबर में ही पीएम मोदी को गुयाना, डोमिनिका और बारबाडोस ने अपने सर्वोच्च सम्मान प्रदान किए थे।

## महाकाल के दर्शन पाकर प्रफुल्लित हुए केंद्रीय मंत्री नायडू, उज्जैन में एयरपोर्ट बनाने पर की चर्चा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में आज सोमवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने बाबा महाकाल के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। नायडू ने चांदी द्वार से भगवान का पूजन-अर्चन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।**

उन्होंने कहा कि 'आज पहली बार बाबा महाकाल के दर्शन करने का अवसर मिला। बहुत अच्छा लग रहा है। काफी समय से मेरी इच्छा थी कि यहां आकर बाबा का आशीर्वाद लूं और आज यह मुमकिन हुआ। जिस तरह से यह पूरा कॉम्प्लेक्स विकसित किया गया है, वह सराहनीय है। मुख्यमंत्री, सांसद और अन्य लोगों ने यहां बहुत अच्छा माहौल बनाया है। जो भी कार्यक्रम यहां चल रहे हैं, वे सभी सुविधाजनक तरीके से प्रबंधित हैं।' इस दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति की ओर से सत्कार अधिकारी अभिषेक शर्मा ने बाबा महाकाल का प्रसाद और दुपट्टा ओढ़ाकर केंद्रीय मंत्री नायडू का सम्मान किया। केंद्रीय मंत्री के साथ सांसद शंकर लालवानी, सांसद अनिल फिरोजिया और अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### उज्जैन में एयरपोर्ट बनाने की संभावना तलाशेंगे

नायडू ने आगे कहा कि आंध्र प्रदेश से भी बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन महाकाल के दर्शन के लिए आते हैं। यहां चल रहे विकास कार्यों में आगे और विस्तार की संभावना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान उन्होंने यहां एयरपोर्ट की सुविधा की आवश्यकता बताई। हम राज्य सरकार के साथ मिलकर इस संभावना को तलाशेंगे। जितनी जल्दी हो सके, इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद करेंगे। हम चाहते हैं कि न केवल देशभर से, बल्कि दुनियाभर के लोग यहां आएं और उन्हें बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाएं मिले। हमारी ओर से जो भी सहयोग संभव होगा, वह प्रदान किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आधुनिक भागीरथ

# केन-बेतवा लिंक परियोजना से हर खेत तक पहुंचेगा पानी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### महाकाल लोक की तर्ज पर ओरछा में बनेगा अनूठा रामराजा लोक

### 25 दिसम्बर को बनेगा नदी जोड़ो परियोजना का नया इतिहास




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**निवाड़ी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आधुनिक भागीरथ हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिये 2 बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाएँ सौगात के रूप में दी हैं। इन परियोजनाओं से हर खेत को पानी और हर व्यक्ति को पेयजल उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के संकल्प को पूरा करने छतरपुर जिले के खजुराहो आ रहे हैं। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिये मैं निवाड़ी जिले के सभी नागरिकों को आमंत्रित करता हूँ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को निवाड़ी में जन-कल्याण पर्व अंतर्गत आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखण्ड के हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचेगा। प्रदेश में बिजली की पर्याप्त आपूर्ति के साथ अब कृषि कार्य, उद्योग और पेयजल के लिए भरपूर पानी भी उपलब्ध होगा। देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना से निवाड़ी के साथ संपूर्ण बुन्देलखण्ड का चहुँमुखी विकास भी संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिवर्ष एक अक्टूबर को धूमधाम के साथ निवाड़ी जिले के स्थापना दिवस को गौरव दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर "एक पेड़-माँ के नाम" पौधरोपण किया और राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों पर केन्द्रित विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा परियोजना से निवाड़ी जिले के हर खेत में पानी और हर घर तक पेयजल की सुविधा मिलने के साथ पलायन भी रूकेगा और आने वाली पीढ़ी का भविष्य बेहतर बनेगा। उन्होंने "रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून, पानी गए न ऊबरे, मोती मानस चून" दोहा के माध्यम से पानी का महत्व एवं उपयोगिता के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि खेत को पानी मिलने पर अमृत रूपी फसल की पैदावार सुनिश्चित होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा परियोजना के साकार रूप लेने पर बुन्देलखण्ड की तस्वीर एवं तकदीर बदलेगी। खेती का स्तर समृद्ध होने से किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। पंजाब, हरियाणा से भी फसल उत्पादन में बुन्देलखण्ड आगे होगा। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि किसान किसी भी जरूरत पर अपनी खेती की जमीन न बेचें। केन-बेतवा परियोजना से पूरे बुंदेलखण्ड क्षेत्र में कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और किसान समृद्ध होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार का एक वर्ष पूरे होने पर 11 से 26 दिसम्बर तक जन-कल्याण पर्व मनाया जा रहा है। इसकी शुरूआत गीता जयंती से की गई।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओरछा बुन्देलखण्ड की अयोध्या है। यहां रामराजा लोक बनने से धार्मिक पर्यटन बढ़ने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रभारी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा एवं स्थानीय विधायक ने भगवान रामराजा की प्रतिमा एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री द्वारा कन्या-पूजन एवं दीप-प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर हितलाभ वितरित किये। कार्यक्रम स्थल पर केन-बेतवा परियोजना से संबंधित बुन्देलखण्ड के विकास पर केन्द्रित वीडियो फिल्म भी दिखाई गई।

विधायक निवाड़ी श्री अनिल जैन ने कहा कि किसानों को परियोजना के रूप में एक बहुत बड़ी सौगात मिली है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री शिशुपाल सिंह यादव, जन-प्रतिनिधि, संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत, कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में किसान एवं महिलाएँ उपस्थित रहीं।

# इंदौर एयरपोर्ट अब हुआ जीरो वेस्ट एयरपोर्ट

## 55 करोड़ रुपये की लागत से नए एटीसी, फायर सेफ्टी भवन और गार्बेज प्लांट का नागरिक उड्डयन मंत्री श्री नायडू ने किया लोकार्पण







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर एयरपोर्ट अब देश का पहला जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बन गया है। अब यहां से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का निस्तारण एयरपोर्ट पर ही हो सकेगा। साथ ही 55 करोड़ रुपये की लागत से नए एटीसी भवन एवं फायर सेफ्टी भवन का लोकार्पण नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राममोहन नायडू किंजारापू ने किया।**

सांसद श्री शंकर लालवानी ने नागरिक उड्डयन मंत्री से इंदौर के लिए तीन मांगें भी रखी। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया जाए। देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट इंदौर से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए ई-टाइप एयरक्राफ्ट की लैंडिंग ज़रूरी है तथा इसके लिए रनवे की लंबाई बढ़ाई जानी चाहिए। इंदौर में हवाई यात्री लगातार बढ़ रहे हैं इसलिए नई टर्मिनल बिल्डिंग की भी आवश्यकता है।

केंद्रीय मंत्री श्री नायडू ने मंच से ही सांसद श्री लालवानी की तीनों मांगो को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू का सांसद श्री लालवानी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इंदौर की तीनों मांगों को मंजूरी प्रदान की है। हम इंदौर एयरपोर्ट को आगामी 50 सालों को ध्यान में रखकर तैयार कर रहे हैं।

नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राममोहन नायडू किंजारापू ने सांसद श्री लालवानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोई भी सांसद इतनी बार मुझसे नहीं मिला जितनी बार श्री लालवानी जी मुझसे मिले और इंदौर एयरपोर्ट के विकास के बारे में मुझसे चर्चा कर चुके हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, भाजपा संगठन के वरिष्ठजन, एयरपोर्ट ऑथोरिटी के अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# शिर्डी से महाकाल दर्शन करने जा रहा नंदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर की सड़कों पर एक नंदी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विशालकाय सींगों वाला यह नंदी शिर्डी से उज्जैन जा रहा है। यह वहां पर महाकाल दर्शन करेगा और फिर शिर्डी अपने घर के लिए रवाना हो जाएगा।**



इंदौर से जाते इस नंदी को रास्ते में लोगों ने देखा तो उसकी पूजा करने लगे। नंदी के मालिक सागर ने बताया की नंदी की उम्र 22 साल है। वे बचपन से इसे पाल रहे हैं। सागर ने बताया कि यह नंदी की गुजरात की खास कांक्रीज जाति की नस्ल का है। राम ने बताया यह परंपरा हमारे पूर्वजों ने शुरू की थी। मेरे दादाजी, पिताजी नंदी को ले जाते थे, अब मैं ले जा रहा हूं और मेरे बच्चे भी यही करेंगे। हमारी सात पीढ़ियों से यह परंपरा चल रही है। सागर ने बताया वे किसान हैं और परिवार के सभी सदस्य खेती का काम करते हैं। सागर ने बताया नंदी जहां से जाता है लोग इसे भोजन करवाते हैं। पूजा करते हैं। इससे इसके प्रति प्रेम बढ़ता है। हम यह परंपरा के लिए कर रहे हैं लेकिन इससे हमें बहुत प्यार मिलता है। जहां पर भी जाते हैं लोग हमारा आदर सत्कार करते हैं।

सागर ने बताया कि वे पैदल ही घर से निकलते हैं लेकिन रास्ते में कई ट्रक वाले लिफ्ट भी दे देते हैं। उन्होंने कहा कि बायपास, रिंग रोड और बाहरी इलाकों में जब वे पैदल जाते रहते हैं तो ट्रक वाले खुद उन्हें लिफ्ट दे देते हैं। वे नंदी को पैदल चलता देख रुक जाते हैं और खुद हमें साथ चलने के लिए कहते हैं। सागर ने बताया कि खाने पीने की भी कहीं समस्या नहीं आती है। जहां पर भी जाते हैं लोग आदर से घरों में बुलाते हैं और भोजन करवाते हैं।

## 68वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता आयोजित

# कराते में मध्यप्रदेश व दिल्ली, तो शूटिंग में महाराष्ट्र हरियाणा और मध्यप्रदेश का दबदबा रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन कराते में मध्य प्रदेश व दिल्ली, तो शूटिंग में महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश का दबदबा रहा। इंदौर में चल रहे राष्ट्रीय शालेय खेल में खिलाड़ियों ने अपने अपने राज्यों के लिए शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के मुकाबले कराटे डेली कॉलेज में और शूटिंग एमरल्ड हाइट्स में चल रहे है। 68वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता में शूटिंग में ओपन साइट एयर राइफल के मुकाबले खेले गए। राष्ट्र्रीय शालेय खेल स्पर्धा में ओपन साइट एयर राइफल में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग टारगेट का उपयोग किया गया। जो इस प्रतियोगिता के इतिहास में पहली बार हुआ है।

राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता के संगठन सचिव और संयुक्त संचालक लोक शिक्षण इंदौर संभाग श्री अरविंद सिंह ने बताया कि आज ओपन साइट एयर राइफल मुकाबले में अंडर 17 बालक वर्ग में हरियाणा अंशुल गाँधी प्रथम, महाराष्ट्र के आदित्य शेलके द्वितीय और तमिलनाडु के एम थना थेवन तृतीय रहे। वहीं साइट एयर राइफल मुकाबले में अंडर-17 बालिका वर्ग में महाराष्ट्र की असवारी मिलवाने प्रथम, गुजरात की दृष्टिबा जाला द्वितीय और पश्चिम बंगाल की नंदिनी सर्वगौड़ तृतीय रहीं।



पीप साइट एयर राइफल मुकाबले में अंडर-17 बालक वर्ग में महाराष्ट्र के प्रीतम केन्द्रे प्रथम, राजस्थान के सोमांशु सांगवान द्वितीय और महाराष्ट्र के पाटिल तृतीय रहें। पीप साइट एयर राइफल मुकाबले में अंडर-17 बालिका वर्ग में महाराष्ट्र की शाम्भवी क्षीरसागर प्रथम, मध्यप्रदेश की नव्या गुप्ता और चंडीगढ़ की निमरत कौर बरार तृतीय रही। एयर पिस्टल अंडर-17 बालक वर्ग में चंडीगढ़ के धैर्य पराशर प्रथम, पंजाब के दिलराज सिंह द्वितीय और केन्दीय विद्यालय संगठन के हिमांशु तृतीय रहे। एयर पिस्टल अंडर-17 बालिका वर्ग में मध्यप्रदेश की आरना राजपूत प्रथम, राजस्थान की नीकू द्वितीय और CISCE की लौरीन तृतीय रही। 68वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता में दूसरे दिन कराटे मुकाबलों में अंडर-19 बालक 40 किलो वर्ग में मध्य प्रदेश के सुरेश पॉल ने गोल्ड, तमिलनाडु की एस. आर. सरे सम्राट ने रजत और महाराष्ट्र जीशान और आसाम के तनिश गोगोई ने ब्रांज पर कब्जा जमाया। अंडर-19 बालिका 36 किलो वर्ग में दिल्ली की दीक्षा आर्य ने गोल्ड, हरियाणा की दिव्या ने रजत और राजस्थान की परिधि परमार और मध्य प्रदेश की निशिता पाल ने ब्रांज पर कब्ज़ा किया।

# एलुमनी मीट में नवोदय विद्यालय के हजारों छात्र हुए शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जवाहर नवोदय विद्यालय एलुमनी मीट 'नवोत्सव 3.0' में रविवार को इंदौर में नवोदय विद्यालय के हजारों पूर्व छात्र शामिल हुए हैं। ये छात्र अब सांसद, आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, शिक्षक, सीए, बिजनेसमैन बन चुके हैं।

इस मीट में जम्मू कश्मीर से लेकर, उत्तर पूर्व भारत, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत सहित कई राज्यों से छात्र हिस्सा ले रहे हैं। देश की सबसे बड़ी यह एलुमनी मीट 'नवोत्सव 3.0' इंदौर में आयोजित हो रही है। जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्रों की देश की सबसे बड़ी एलुमनी मीट में 8 हजार से ज्यादा छात्र शामिल हुए हैं। इस मीट का दुनिया की सबसे बड़ी एलुमनी मीट के लिए 'वर्ल्ड रिकॉर्ड' के लिए रजिस्ट्रेशन भी किया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्रों ने इसके लिए वेबसाइट बनाकर इन छात्रों का रजिस्ट्रेशन किया है। इस मीट के लिए 200 लोगों की टीम पिछले 1 हफ्ते से 24 घंटे काम कर रही है। मध्य प्रदेश के नवोदयों के पूर्व छात्रों का ग्रुप 'मान' इसका आयोजन कर रहा है। इंदौर में नवोत्सव का तीसरा आयोजन है।



# प्रधानमंत्री ग्राम सड़कों से सुलभ बना ग्रामीण अंचल का परिवहन

**इन्दौर**। प्रधानमंत्री ग्राम सड़कों से सुलभ बना ग्रामीण अंचल का परिवहन सशक्त हो रहा है। इन्दौर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बीते एक वर्ष के भीतर 13 सड़क जिनकी लंबाई 151.12 किमी और लागत 12120.07 लाख रुपये है। इसी प्रकार इन सड़कों के साथ 20 ब्रिज कार्य जिनकी लागत 5805.99 लाख रुपये को स्वीकृति मिली। इन स्वीकृति कार्यों में से 20 कार्य पूर्ण हो चुके है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 212 मार्गों का संधारण कार्य होकर 700.20 किमी लंबी सड़क निर्माण हुआ है। इन सड़कों के निर्माण से मूलभूत सड़क निर्माण का ढांचा मैदानी स्तर पर तैयार हुआ है।

# स्वर्ण रथ पर सवार होकर बाबा रणजीत ने दिए भक्तों को दर्शन

## प्रभात फेरी में 2 लाख श्रद्धालु हुए शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सोमवार तड़के 5 बजे स्वर्ण रथ पर सवार होकर बाबा रणजीत भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकले। रणजीत हनुमान मंदिर से बाबा की प्रभातफेरी शुरू हुई। रथ में सवार हो कर भक्तों को दर्शन देने निकले बाबा रणजीत हनुमान का 200 से अधिक मंचों में स्वागत किया जा रहा है।**

भजनों पर भक्त झूम रहे हैं। जय रणजीत के जयघोष से पश्चिमी क्षेत्र गूंज रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक बाबा की एक झलक पाने को लालाइत हैं। भजन गायक अपनी-अपनी टीम के साथ भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दे रहे हैं। पांच



विशिष्ट हनुमान (कलाकार) भी प्रभात फेरी में आकर्षक का केंद्र है। प्रभात फेरी में भगवान राम और हनुमान की झांकियां भी भक्तों के आकर्षण का केंद्र है।

इधर, पिछले 6 घंटे में रथ करीब 4 किलोमीटर ही आगे बढ़ सका है। अभी प्रभात फेरी का मंदिर तक पहुंचने में तकरीबन एक किलोमीटर और चलना है।

प्रभात फेरी में सुरक्षा के लिए करीब 1000 पुलिस कर्मी तैनात किए गए है। जो रथ के साथ ही आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे ही महिला सुरक्षा को लेकर खुद सेवादार रास्ते भर रस्सी का घेरा बनाकर चल रहे हैं। सादी वर्दी में भी कई महिला पुलिसकर्मी शामिल है। पूरे यात्रा मार्ग पर जिस प्रकार से भीड़ बढ़ रही है अनुमान है कि 2 लाख से ज्यादा लोग इसमें शामिल हुए हैं।

यात्रा में 7 भजन गायक और महाकाल की मंडली शामिल हुई। अमृतसर से हनुमान जी स्वरूप में आए कलाकार यात्रा के साथ सबसे आगे चले। बाबा के विग्रह को स्वर्ण रथ पर भ्रमण कराया गया। बड़ी संख्या में झांकियां निकाली गई। हर साल की तरह जगह-जगह चाय-पोहे और नाश्ते के स्टॉल लगाए गए।

प्रभात फेरी में इंदौर-4 की विधायक मालिनी गौड़, इंदौर-3 के विधायक गोलू शुक्ला, महानिर्वाणी अखाड़े के महंत विनीत गिरी, रणजीत हनुमान मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास भी मौजूद रहे।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में

## सहायक प्रबंधक के पांच ठिकानों पर लोकायुक्त का छापा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आदिम जाति मर्यादित सहकारी संस्था पीथमपुर में पदस्थ सहायक प्रबंधक कनीराम मंडलोई के घर छापा मारा। यह कार्रवाई इंदौर, धार और मानपुर में एक साथ पांच ठिकानों पर की गई।

लोकायुक्त पुलिस को छापेमारी के दौरान कई संपत्तियों की रजिस्ट्री मिली, जिससे यह साबित हुआ कि सहायक प्रबंधक और उनके भाई के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत सही थी।

यह कार्रवाई लोकायुक्त में दायर शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें दोनों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति जमा करने का आरोप था।

## एमडी ड्रग्स रैकेट में क्राइम ब्रांच ने 4 सप्लायर को किया गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश में फैल रहे एमडी ड्रग्स रैकेट में क्राइम ब्रांच ने राजस्थान के प्रतापगढ़ के एक बड़े सप्लायर सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में रतलाम का एक पैडलर्स भी शामिल है, जो इंदौर में स्टूडेंट्स और युवाओं को नशे की लत लगाने वाले रैकेट से जुड़ा है। चारों बदमाशों की गैंग युवाओं को एमडी ड्रग्स सप्लाई करती थी।**

डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि



गिरफ्तार आरोपी आदिल, सद्दाम, जावेद और शुभम हैं। आदिल प्रतापगढ़ का बड़ा ड्रग्स सप्लायर है जो वहां खेती की आड़ में एमडी ड्रग्स की तस्करी करता है। उसने रतलाम के सद्दाम के साथ मिलकर इंदौर में पैडलर्स का नेटवर्क खड़ा कर लिया था। ये दोनों इंदौर में रेहान को भारी मात्रा में एमडी ड्रग्स उपलब्ध करवाते थे। फिर रिहान साथियों की मदद से युवाओं को ड्रग्स की होम डिलेवरी करवा देता था।

आरोपी इंदौर में किला मैदान में स्कार्पियों से डिलेवरी देने आए थे। क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी की तो आरोपियों ने जीप दौड़ा दी। इनकी जीप चैंबर के ढक्कन से टकरा गई। हादसे में तीनों के पैरों में चोट आई है। कार की तलाशी ली तो आरोपियों के कब्जे से 20 लाख रुपए की 52 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली है।

### होटल से शराब जब्त

**इंदौर।** तेजाजी नगर पुलिस ने नामी अशोका राज होटल एंड रिसॉर्ट (खंडवा रोड) से 61 लीटर से ज्यादा शराब जब्त की है। पुलिस ने इस मामले में राहुल मखीजा (निवासी सुखलिया) को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि होटल में किसी आयोजन के लिए शराब मंगाई गई थी। खुफिया विभाग की सूचना पर कार्रवाई करते हुए देर रात पुलिस ने यह बरामदगी की।

### शहर में चेकिंग अभियान

**इंदौर।** कमिश्नर संतोष सिंह के निर्देश पर रातभर शहर में चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें 249 वाहन चालकों पर शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में कार्रवाई की गई। 272 वारंट को तामील कराया गया और करीब 118 बदमाशों को पकड़ा गया।

## फिजियोथेरेपिस्ट महिला का मोबाइल ले भागे बदमाश

**इंदौर।** विजयनगर में एक दंपती के साथ लूट की वारदात हो गई। घटना में एक फिजियोथेरेपिस्ट महिला का मोबाइल बदमाश लेकर फरार हो गए। बताया गया है कि सिग्नल पर रुकी पैसेंजर ऑटो रिक्शा में बदमाशों ने झपट्टा मारकर बैग छीनने की कोशिश की। इस दौरान महिला के पति के साथ बदमाशों की झूमाझटकी हुई। बैग से मोबाइल नीचे गिरने पर बदमाश मोबाइल उठाकर भाग निकले। पुलिस ने हुलिए के आधार पर संदिग्धों से रात में पूछताछ शुरू की है। विजयनगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, सुरभि पटवा 'द एड्रेस' टाउनशिप में रहती हैं और पेशे से फिजियोथेरेपिस्ट हैं। रात करीब 10 बजे वह विजयनगर के आर्बिट मॉल से अपने पति के साथ रिक्शा में घर जाने के लिए बैठी थीं। रेड सिग्नल होने पर वे रेडिसन होटल के पास रुके। महिला के पति एंटोन सुमन रिक्शा के गेट के पास बैठे थे। इस दौरान दो बदमाशों ने उनके कंधे पर टंगा बैग छीनने की कोशिश की।

## रात में हुए विवाद के बाद पत्नी ने पति पर किया एसिड अटैक, हमला करके हुई फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चंदन नगर इलाके में एक व्यक्ति पर उसकी पत्नी ने एसिड अटैक किया। बताया जा रहा है कि पति बाथरूम में था, तभी पत्नी ने पीछे से आकर उसके चेहरे पर एसिड डाल दिया और घर का दरवाजा बाहर से बंद करके फरार हो गई।**



जलन होने पर पति ने मदद के लिए आवाज लगाई, जिसके बाद पड़ोसी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। चंदन नगर पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना नंदन नगर की है। सोमवार सुबह करीब 7 बजे मुकेश (पुत्र प्यारेलाल सुरागे) पर उसकी पत्नी ने एसिड फेंक दिया। घटना के बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, मुकेश और उसकी पत्नी के बीच पिछले 6 साल से अनबन चल रही थी, लेकिन इसके बावजूद वे साथ रह रहे थे। उनके चार बच्चे भी हैं, जो उनके साथ रहते हैं। मुकेश मजदूरी करता है। मुकेश ने बताया कि वह और उसकी पत्नी अलग-अलग सोते हैं। रविवार रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। सुबह जब मुकेश बाथरूम में ब्रश कर रहे थे, तभी पीछे से उनकी पत्नी ने उन पर एसिड डाल दिया। पुलिस के अनुसार, घटना के समय चारों बच्चे घर पर ही मौजूद थे। फिलहाल पुलिस आरोपी पत्नी निर्मला की तलाश कर रही है।

# नाथ संप्रदाय ने दुनिया को योग का वास्तविक अर्थ समझाया : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## दुनिया के सभी देश, भारत की सनातन संस्कृति को समझने की रखते हैं जिज्ञासा

### स्वयं को जानने की कला गुरु गोरखनाथ ने दुनिया को सिखाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुधनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दुनिया के सभी देश, भारत की सनातन संस्कृति को समझने की जिज्ञासा रखते हैं। भारत को जानने के लिए भारत में प्राचीनकाल से चली आ रही सनातन संस्कृति को जानना आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्राचीनकाल से चली आ रही भारत की योग परंपरा को संयुक्त राष्ट्र संघ से पूरे विश्व में मान्यता दिलाई स्थापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नाथ संप्रदाय ने दुनिया को योग का वास्तविक अर्थ समझाया है. आदि गुरु गोरखनाथ के मार्गदर्शन में योग के विश्व के सर्वाधिक प्रसार में नाथ संप्रदाय का प्रमुख योगदान रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बुधनी तहसील के ग्राम जर्रापुर में आयोजित नाथ संप्रदाय के संत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य की आत्मा में परमात्मा विराजमान हैं। उन परमात्मा को जानने का सबसे सुगम माध्यम योग है। गुरू गोरखनाथ अपनी योग्यता एवं कुशलता से अपने जीवन में आने वाली सभी कठिनाइयों एवं विपरीत परिस्थितियों को भी अपने अनुकूल बना लेते थे। यह सत्य है कि जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है। मृत्यु से पहले अपने आप को जानने की कला गुरू गोरखनाथ ने दुनिया को सिखाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली



हैं कि भारत की भूमि पर ऐसे संत हुए है, जिन्होंने इस भूमि को अपनी जन-कल्याण की भावना से पावन किया है। गंगा अपना अमृत समान जिस प्रकार जल सभी प्राणियों को निस्वार्थ भाव से उनके कल्याण के लिए प्रदान करती है, उसी प्रकार संत अपने जीवन के सभी सुखों को त्याग कर सभी प्राणियों एवं समाज के कल्याण के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरू गोरखनाथ ने संत श्री भृतहरी के जीवन में आत्म चेतना को जगा कर उनका जीवन बदल दिया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राचीनकाल से ही विश्व में अनेक संस्कृतियां रही हैं, पर समय के साथ अनेक संस्कृतियां विलुप्त हो गई पर भारत की सनातन संस्कृति अपनी मानव कल्याण की भावना के साथ सदैव अक्षुण बनी रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत का वर्चस्व पूरी दुनिया में बढ़ रहा है। आज जब हमारे देश में विदेश से अतिथि आते है तो वे भारत की संस्कृति से बहुत प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि रामायण, महाभारत, श्रीमदभगवत गीता हमारे भारत की सनातन संस्कृति के पवित्र ग्रंथ है। हमें इनका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना चाहिए। ये ग्रंथ हमारे भारत में प्राचीनकाल से प्रचलित सनातन संस्कृति की पहचान भी है। उन्होंने संतों की मांग पर बुधनी में नर्मदा के किनारे घाट निर्माण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार साधु संतों की सेवा के निरंतर तत्पर है और उनकी आवश्यकतानुसार उज्जैन में भी आश्रम के लिये वैधानिक तौर पर भूमि उपलब्ध कराई जायेगी। गुरू पार्श्वनाथ जी, योगी बालकनाथ जी एवं राज्यसभा सदस्य बाल योगी श्री उमेशनाथ ने भी संबोधित किया। महंत श्री नरहरि नाथ जी, योगी श्री कृष्ण नाथ जी महाराज, महंत श्री पंचम नाथ जी, महंत श्री रूपनाथ जी, महंत सूरज नाथ जी सहित देश भर से आए नाथ संप्रदाय के साधु संत शामिल हुए। संत समारोह में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, नर्मदापुरम सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, सांसद श्रीमती माया नारोलिया, बुधनी विधायक श्री रमाकांत भार्गव, सोहागपुर विधायक श्री विजयपाल सिंह, आष्टा विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

# भूख-प्यास से मर गई 80 वर्ष की मां

## बेटे पर गैर इरादतन हत्या का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मानवीय संवेदना को झकझोर देने वाली एक घटना में वृद्धा की मौत के दो महीने बाद पुलिस ने मृतका के एक बेटे के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। बीमार मां ललिता दुबे को घर में बंद कर बेटा अरुण पत्नी और बेटे को लेकर उज्जैन चला गया था। दो दिन तक भूखी-प्यासी रही वृद्धा ने दम तोड़ दिया था।**

घटना की जानकारी भी घर से दुर्गंध आने पर तब मिली जब पड़ोसियों ने पुलिस को बुलाया। घटना का दर्दनाक पहलू यह भी है कि पति की मृत्यु के बाद मिलने वाली पेंशन से मां इस बेटे का भी भरण-पोषण कर रही थीं। घटना 19 अक्टूबर को निशातपुरा थाना क्षेत्र की गोया कालोनी में हुई थी। पुलिस ने जांच में पाया गया कि अरुण दुबे की लापरवाही की वजह से ही ललिता देवी की मौत हुई है। इस आधार पर उसके विरुद्ध गैर इरादतन हत्या और भरण-पोषण कानून की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। सब इंस्पेक्टर रामसिंह ठाकुर ने बताया कि 80 वर्षीय ललिता दुबे अपने मकान में छोटे बेटे अरुण के साथ रहती थीं। 19 अक्टूबर को सुबह ललिता देवी का शव उनके घर का ताला तोड़कर अंदर से बरामद किया गया था। पूछताछ में पता चला था कि अरुण दो दिन पहले घर में ताला लगाकर पत्नी व ढाई वर्ष के बेटे को लेकर कहीं चला गया था। घटना की सूचना मिलने पर ललिता देवी का बड़ा बेटा अजय इंदौर से आ गया था। वह पुलिस सब इंस्पेक्टर है। बता दें, ललिता के पति श्यामलाल दुबे भोपाल पुलिस में हवलदार थे। उनके तीन बेटों में अरुण सबसे छोटा है। बड़ा बेटा इंदौर में रहता है और मंझले बेटे की एक साल पहले मौत हो गई थी। अरुण मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। वह बेरोजगार भी था। पुलिस की जांच में सामने आया कि ललिता देवी वयोवृद्ध होने के साथ ही बीमार भी चल रही थीं। वह अधिकतर समय बिस्तर पर ही रहती थीं। अनुमान है कि समय पर दवा और भोजन-पानी नहीं मिलने के कारण उनकी मौत हो गई। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनकी मृत्यु की वजह हृदय गति रुकना बताई गई है।

# कटारे ने कहा पूर्व मुख्य सचिव मास्टमाइंड

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में पिछले दिनों हुई इनकम टैक्स और लोकायुक्त की छापेमारी के दौरान कई बड़े मामले सामने आए हैं। उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने रविवार को पीसीसी में प्रेसवार्ता कर सरकार को जम कर घेरा है। उन्होंने कहा कि त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कम्पनी के मालिक राजेश शर्मा के घर पर हुई छापेमारी के मामले राजेश शर्मा तो छोटी सी मछली है, इसके पीछे पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस मास्टमाइंड हैं। हेमंत कटारे ने राजेश शर्मा को इकबाल सिंह का पपेट बताया। कटारे ने कहा कि बड़े-बड़े मगरमच्छ इकबाल सिंह बैस, पूर्व ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर, वर्तमान परिवहन मंत्री और कई अधिकारियों की जांच हो तो यह राशि कम-से-कम 20 हजार करोड़ रुपए की होगी।

# तीन महीने में दो बैंक खातों से 5.56 करोड़ का ट्रांजेक्शन

## बैंक खाता खरीदने-बेचने वाले 3 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राजधानी की कोलार थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी तरीके से बैंक खाता बेचने व खरीदने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। आरोपियों ने तीन महीने के भीतर दो बैंक खातों में 5.56 करोड़ रुपये से ज्यादा का ट्रांजेक्शन किया था। इस मामले में अभी तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 8 लाख रुपए नकद, लैपटाप और मोबाइल फोन समेत लाखों रुपये का सामान जब्त हुआ है। गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

जानकारी के अनुसार इस मामले की शिकायत बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा मंदाकिनी कालोनी कोलार रोड द्वारा पुलिस को ईमेल के माध्यम से दी गई थी। शिकायत में बताया गया कि एक खाता धारक राहुल श्रीवास्तव अपना बैंक खाता बंद करवाने के लिए आया है। इस खाता धारक के दो अकाउंट में पिछले 3 महीने के भीतर 5.56 करोड़ रुपये से ज्यादा का लेनदेन हुआ है, जो सायबर अपराध की तरफ इशारा करता है। इसके साथ ही करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन का विवरण भी पुलिस को दिया गया था। पुलिस ने जब खाताधारक राहुल श्रीवास्तव को तलब किया तो उसने बताया कि अपने दोनों खाते उदयपुरा रायसेन निवासी घनश्याम सिंगरोले को 45 हजार रुपए किराए पर ट्रेडिंग के लिए दिए थे, जिसके द्वारा उसे चालीस हजार रुपये का भुगतान भी किया गया है।

# सड़क दुर्घटना में 2 युवकों की मौत के बाद हिंसक प्रदर्शन

## पथराव में 12 पुलिसकर्मी घायल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। रतलाम जिले के बाजना में सड़क दुर्घटना के बाद उपजे तनाव ने उग्र रूप ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया, जिससे 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। बाजना क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, जबकि व्यापारियों ने घटना के विरोध में रविवार को बाजना बाजार बंद रखा।**

20 दिसंबर की रात ग्राम छावनी झोड़िया में बाइक और बस की टक्कर में कमल अमलीयार (27) और दीपक खराड़ी (25) की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। शिवगढ़ पुलिस ने बस को जब्त कर शवों को मेडिकल कॉलेज भेजा। 21 दिसंबर को मृतकों के स्वजन और ग्रामीणों ने बाजना के बस स्टैंड पर शव रखकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा, तत्काल एक-एक लाख की आर्थिक सहायता और बस चालक की गिरफ्तारी की मांग की। मांगें पूरी न होने पर प्रदर्शनकारी उग्र हो गए। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बाजना थाने पहुंचकर घेराव कर धरना दे दिया था। रात करीब डेढ़ बजे प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बल पर पथराव कर दिया, जिसमें एसडीओपी नीलम बघेल, महिला थाना प्रभारी पार्वती गौड़, गेंदलाल मकवाना, शुभम प्रजापत समेत 12 पुलिसकर्मी घायल हुए। हालात को संभालने के लिए पुलिस ने आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लिया। पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण पाने के बाद मृतकों के शवों को कस्टडी में लेकर ग्राम घाटा खेरदा भेजा, जहां सुबह दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान हिंसा और पुलिसकर्मियों पर हमले के आरोप में 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया और 9 आरोपितों को हिरासत में लिया।

# संपादकीय

## नए साल में डिफेंस में बढ़ेगी भारत की ताकत

नया साल स्वदेशी डिफेंस इंडस्ट्री के लिए नई उम्मीदें भी लेकर आएगा। डिफेंस सेक्टर में लगातार आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ने की कोशिश जारी है और आर्म्ड फोर्सेस की जरूरतें पूरी करने के लिए स्वदेशी इंडस्ट्री से कई कॉन्ट्रैक्ट भी साइन हुए हैं। जहां नए साल में भी टेक्नॉलजी ट्रांसफॉर्मेशन पर फोकस रहेगा वहीं LAC पर चीन के साथ गतिरोध पूरी तरह खत्म करने की चुनौती भी होगी। भारतीय सेना को इस साल अटैक हेलिकॉप्टर 'अपाचे' मिलने की उम्मीद है। अमेरिका से आर्मी के लिए 6 अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर की डील हुई थी और पहला अपाचे फरवरी 2024 में मिलना था। लेकिन इंतजार काफी लंबा हो गया। यूपी के अमेठी के फैक्ट्री में बन रही एके-203 असॉल्ट राइफल भी इस साल से आर्मी को मिलना शुरू होने की उम्मीद है। आर्मी को 100 से ज्यादा मैकेनाइज्ड इंफ्रेंट्री वीइकल मिलेंगे, 155 एमएम कैलिबर की अडवांस टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (ATAGS) का कॉन्ट्रैक्ट नए साल में साइन हो सकता है। इसके साथ ही टोड गन सिस्टम, पिनाका एक्सटेंडेट रेंज रॉकेट का भी कॉन्ट्रैक्ट साइन होने की उम्मीद है। आर्मी को नए साल में पिनाका की नई रेजिमेंट भी मिल सकती है। शॉर्ट रेंज सर्फेस टू एयर मिसाइल आकाश के नए वर्जन का पहला प्रोटोटाइप मार्च तक मिलने की उम्मीद है। एयरफोर्स को इस साल तेजस मार्क-1ए मिलने शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि, इसमें पहले ही काफी देरी हो गई है। एयरफोर्स के पास 42 फाइटर स्क्वॉड्रन होनी चाहिए। लेकिन इस वक्त एयरफोर्स के पास फाइटर एयरक्राफ्ट की 31 स्क्वॉड्रन हैं। मिग-21 बाइसन की दो स्क्वॉड्रन हैं। 2025 में मिग-21 बाइसन की ये दोनों स्क्वॉड्रन फेज आउट हो जाएगी। यह चुनौती है कि कैसे घटती स्क्वॉड्रन में दोनों मोर्चों के लिए खुद को तैयार रखना है। एयरफोर्स को इस साल एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की बाकी दो यूनिट मिलने की भी उम्मीद है। इस साल एयरफोर्स को अपने फाइटर जेट के लिए ईस्टर्न लद्दाख में न्योमा एयरफील्ड भी मिल जाएगा। नेवी में इस साल तीसरी न्यूक्लियर सबमरीन कमिशन होने की उम्मीद है। तीसरी न्यूक्लियर सबमरीन SSBN अरिधमान के अभी समंदर में ट्रायल चल रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि 2025 में ये नेवी में कमिशन होकर स्ट्रैटजिक फोर्सेस कमांड का हिस्सा बन जाएगी। भारत के पास अभी दो न्यूक्लियर सबमरीन (SSBN) ऑपरेशनल हैं। नेवी को 2025 में प्रोजेक्ट-15बी का चौथा और आखिरी डिस्ट्रॉयर- 'सूरत' भी मिल जाएगा। साथ ही कलवरी क्लास की एक और सबमरीन 'वागशीर' मिलेगी। नीलगिरी क्लास का पहला गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'नीलगिरी' साल 2025 में नेवी को मिलेगा। इंडियन ओशन रीजन में जिस तरह चीन अपनी मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, उस चुनौती से नए साल में भी नेवी को निपटना होगा।

### अर्ज किया है..!

*हर शख़्स पर किया न करो*
*इतना ए'तिमाद*
*हर साया-दार शय को शजर*
*मत कहा करो*

*- मुज़फ़्फ़र वारसी*

## OSHO कहिन

**प्रेम एक ऐसी शक्ति है, जो हर बाधा को पार कर सकती है।**



## सैर सपाटा

# क्रिसमस पर देखना है बर्फ का खूबसूरत नजारा

### जानिए कहां जाएं

25 दिसंबर को क्रिसमस डे के तौर पर सेलिब्रेट किया जाता है। इस दिन का इंतजार बच्चों से लेकर बड़ों तक को सालभर रहता है। क्रिसमस आने से पहले ठंड के साथ फेस्टिव मोड चालू हो जाता है। क्रिसमस के हफ्ते को हैपी वीक भी कहा जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस फेस्टिवल में सभी एक दूसरे को खुशियों के रूप तोहफे बांटते हैं। इस दौरान कई ठंडी जगहों पर स्नोफॉल भी हो जाता है। जिसे देखने का अलग मजा है। अगर आप भी क्रिसमस पर बर्फ का खूबसूरत नजारा देखना चाहते हैं तो जानिए कहां जाएं।

### चकराता



बर्फ के सुंदर नजारे को देखने के लिए उतराखंड का चकराता एक बेहद खूबसूरत जगह है। इस जगह को अपने शांत वातावरण और प्रदूषण फ्री वातावरण के लिए जाना जाता है। ये देहरादून से 98 किलोमीटर की दूरी पर लगभग 7000 फीट की ऊंचाई पर है। नेचर लवर को ये जगह खूब पसंद आती है। इस जगह पर बर्फ का सबसे सुंदर नजारा देखने को मिलेगा। चकराता की बर्फीली वादियां आपका मन मोह लेंगी।

### लद्दाख



लद्दाख बाइकर्स का फेवरेट पॉइंट है। वैसे तो यहां का मौसम सर्दियों में बहुत ठंडा होता है, लेकिन क्रिसमस के समय स्नोफॉल देखने का अलग मजा आएगा। बर्फ से ढकी चोटियां और जमी हुई झीलों को देखकर आपका क्रिसमस खास बन जाएगा। इस जगह पर ज्यादातर लोग क्रिसमस के समय जाना पसंद करते हैं।

### मनाली



हिमाचल प्रदेश का मनाली एक बेहद सुंदर जगह है। बर्फ के सुंदर नजारे को एंजॉय करने के लिए आप इस जगह पर जा सकती हैं। क्रिसमस के समय बर्फ में सुंदर स्नोमैन को बनाया जाता है। पार्टनर या फिर परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए आप यहां जा सकते हैं। भले ही मनाली में बर्फबारी न हो लेकिन सोलंग वैली पर आपको खूब बर्फ दिखेगी।

### बिनसर



उत्तराखंड में स्थित बिनसर हिल स्टेशन में आप भीड़-भाड़ से दूर रहकर सुंदर बर्फ के नजारे देख सकते हैं। इसे कुमाऊं की पहाड़ियों की सबसे मनोरम जगह माना जाता है। इस जगह से आपको सुंदर बर्फिली चोटियों का शानदार नजारा देखने को मिलेगा। क्रिसमस के समय बर्फ का नजारा देखने के लिए ये अच्छी जगह है।

Uttarpradesh

# खालिस्तानी कमांडो फोर्स के 3 आतंकी एनकाउंटर में ढेर, दो AK-47 बरामद, पंजाब-UP पुलिस के साथ पीलीभीत में मुठभेड़

**पीलीभीत, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक एनकाउंटर में खालिस्तानी कमांडो फोर्स के 3 आतंकियों को ढेर कर दिया है. मारे गए आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं, जिसमें दो एके 47 और दो ग्लॉक पिस्ल शामिल हैं.

बता दें कि मारे गए आतंकियों ने ही पंजाब के गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड और बम फेंके थे. जिन आतंकियों को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर किया है, उनके नाम गुरविंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह और जसनप्रीत सिंह हैं. पुलिस और खालिस्तानी कमांडो फोर्स के आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ की कई तस्वीरें भी सामने आई हैं.




फोटो में नजर आ रहा है कि आतंकियों ने पुलिस की गाड़ी पर भी फायरिंग की है. गाड़ी पर गोलियों के निशान दिखाई दे रहे हैं. वहीं, मौके से एक बाइक भी बरामद की गई है. दरअसल, 19 दिसंबर को पंजाब के गुरदासपुर के सरहदी कस्बा कलानौर थाने की चौकी बक्शीवाल में ग्रेनेड अटैक हुआ था. सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इसकी जिम्मेदारी खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली थी. कहा गाय था कि पाई जसविंदर सिंह बागी उर्फ मन्नू अगवान इस मामले का सरगना है.

इस ग्रेनेड अटैक के बाद पुलिस ने जांच-पड़ताल कर एक ऑटो को भी कब्जे में लिया था. इस ऑटो की मदद से ही ग्रेनेड फेंका गया था. फॉरेंसिक टीम ने जांच कर भी ये बात कही थी कि ग्रेनेड फेंकने के लिए ऑटो का इस्तेमाल किया गया.

Uttarpradesh

## लखनऊ के इंडियन ओवरसीज बैंक में चोरों ने काटे 42 लॉकर, सायरन तक नहीं बजा, गार्ड नहीं



**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ में अयोध्या हाईवे किनारे तीन घंटे चोर इंडियन ओवरसीज बैंक में वारदात करते रहें। 42 लॉकर काटकर करोड़ों के जेवर समेट कर भाग निकले। इस घटना ने पुलिस कमिश्नर द्वारा पिछले माह 11 नवंबर को गठित की गई नाइट जोनल पुलिसिंग के कलई खोल दी। कमिश्नर द्वारा गठित नाइट जोनल पुलिसिंग की टीम अगर सक्रिय होती तो इतनी बड़ी वारदात न होती। उधर, बैंक में सुरक्षा के लिए लगा सायरन खराब पड़ा था। वहीं, उपभोक्ताओं ने बताया कि बैंक में कोई गार्ड नहीं रहता है। दिन में भी कोई सुरक्षा कर्मी नहीं रहता है। यह हाल तब है जब दो माह पहले बैंक में लगे एसी की आउडोर यूनिट चोरों ने चोरी कर ली थी। इसके पूर्व एटीएम से भी छेड़छाड़ हो चुकी है।

पुलिस कमिश्नर द्वारा रात्रि अपराध नियंत्रण और चेकिंग के लिए एक एडीसीपी और दो एसीपी नियुक्त किए गए थे। कमिश्नर द्वारा बनाई गई एसओपी में स्पष्ट लिखा गया था कि रात्रि में होने वाले अपराधों की रोकधाम के लिए एक अपर पुलिस उपायुक्त (ऑपरेशनल कमांडर) और दो सहायक पुलिस आयुक्त (सहायक ऑपरेशनल कमांडर) की नियुक्ति की है। यह अफसर रात्रि 11 बजे से सुबह छह बजे तक सक्रिय रहेंगे। ऑपरेशनल कमांडर रात्रि में थाने में अतिरिक्त निरीक्षकों, गश्त करने वाले पुलिस कर्मियों की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। तीनों अफसर जोनल चेकिंग करेंगे।

New Delhi

## होटल में मिली ब्यूटीशियन की लाश, गुरुग्राम में रेलवे ट्रैक पर पड़ी थी बॉयफ्रेंड की डेड बॉडी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने सभी को हैरान कर दिया है. होटल के कमरे में एक महिला का शव मिलना और उसके कुछ घंटों बाद उसके दोस्त का शव गुरुग्राम के रेलवे ट्रैक पर मिलना, लोगों के जहन में कई सवालों को जन्म दे दिया है. हालांकि ये घटना कैसे हुई, उसके रहस्यों पर अभी भी पर्दा पड़ा है. दिल्ली में घटी ये घटना केवल दो लोगों की नहीं है बल्कि समाज के एक ऐसे ताने-बाने की है, जो इंसानी रिश्तों पर कई सारे सवाल उठाती है. दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके के होटल एक कमरे से 28 साल की काजल का शव मिला, जो पेशे से ब्यूटीशियन थी. वहीं काजल के दोस्त सुरेंद्र सिंह का शव गुरुग्राम के रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया. घटना सामने आने के बाद ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि महिला की हत्या करने के बाद दोस्त ने खुदकुशी कर ली होगी. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है और घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है.

Maharashtra

## फुटपाथ पर सो रहे नौ लोगों को ट्रक ने कुचला, तीन की मौत, मरने वालों में दो बच्चे

**पुणे, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के पुणे में ट्रक चालक ने फुटपाथ पर सो रहे नौ लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जिसमें दो बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा छह लोग घायल भी हुए हैं। बताया जाता है कि यह हादसा रविवार देर रात करीब 12.30 बजे हुई। घटना पुणे के वाघोली इलाके में हुई, जहां कई लोग फुटपाथ पर सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया।

एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि केसनंद फाटा इलाके में फुटपाथ पर कई लोग सो रहे थे। इनमें से ज्यादातर मजदूर थे। रात के वक्त ट्रक फुटपाथ पर चढ़ गया और हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि



कहीं ड्राइवर नशे की हालत में तो नहीं था। उन्होंने कहाकि मामले में आगे की जांच की जा रही है।

हादसे में मारे गए लोगों की पहचान वैभवी पवार (1), वैभव पवार (2) और विशाल पवार (22) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए अन्य छह लोगों को सासून अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खेल

# पहले वनडे में भारत की वेस्टइंडीज पर 211 रन से जीत, स्मृति मंधाना के बाद रेणुका सिंह भी चमकीं

**वडोदरा, (एजेंसी)** भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को पहले वनडे मैच में 211 रन से हरा दिया। रविवार को खेले गए मुकाबले में जीत के साथ हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। तीन मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला मंगलवार को खेला जाएगा, जिसमें टीम इंडिया अजेय बढ़त दर्ज करने का लक्ष्य लेकर उतरेगी।

बता दें कि, वडोदरा में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना की 91 रनों की दमदार पारी की बदौलत 50 ओवर में नौ विकेट पर 314 रन बनाए। यह वनडे में टीम का पांचवां सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में मेहमान टीम 26.2 ओवर में 103 रन के स्कोर पर ही ढेर हो गई। मेजबानों के लिए रेणुका सिंह ने पांच विकेट लिए।




### वेस्टइंडीज की पारी

315 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज शुरुआत से ही कमजोर नजर आई। पहली ही गेंद पर कियाना जोसेफ रन आउट हो गईं। मैथ्यूज बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। विलियम्स (03) और डॉटिन (08) भी 11 के स्कोर पर पवेलियन लौट गईं। इसके बाद विंडीज की टीम उबर नहीं पाई। 34 रन पर उसने छह विकेट खो दिए थे। कैंपबेल ने 21 और अंत में एल्फी फ्लैचर ने नाबाद 24 रन बनाकर विंडीज को सौ के पार कराया। रेणुका के पांच विकेट के अलावा प्रिया मिश्रा ने 22 रन पर दो विकेट लिए। तितास साधू और दीप्ति शर्मा को एक-एक सफलता अपने नाम करने में कामयाब रहीं।

### भारत की पारी

स्मृति मंधाना और पहला वनडे खेल रहीं दिल्ली की प्रीतिका के बीच पहले विकेट के लिए 110 रन की शतकीय हुई। प्रीतिका ने 69 गेंद में चार चौकों की मदद से 40 रन बनाए जबकि मंधाना ने 91 रन बनाए। स्मृति का यह सभी प्रारूपों में लगातार पांच पारियों में पांचवां अर्धशतक है। इससे पहले उन्होंने विंडीज के ही खिलाफ तीन टी20 मैचों में तीन अर्धशतक लगाए थे। स्मृति ने इसके बाद हरलीन देओल के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। 160 के स्कोर पर मंधाना आउट हुईं। वह शतक नहीं लगा पाईं। 50 गेंद में दो चौकों, एक छक्के की मदद से 44 रन बनाने वाली हरलीन ने कप्तान हरमनप्रीत के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। हरमनप्रीत 23 गेंद में तीन चौकों, एक छक्के से 34 रन बनाकर रनआउट हुईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने अंत में 19 गेंद में तीन चौकों, एक छक्के की मदद से 31 रन बनाकर टीम को 300 तक पहुंचाया। दीप्ति 12 गेंद में 14 रन बनाकर नाबाद लौटीं। जायदा जेम्स ने 45 रन पर पांच विकेट लिए।

सिनेमा

## प्रशांत नील ने माना KGF 2 की कामयाबी के बाद 'सालार पार्ट 1' बनाने में पड़ गए ढीले, बोले 'दूसरे पार्ट में मेरा बेस्ट काम होगा'



पैन इंडिया स्टार प्रभास की फिल्म 'सालार' को रिलीज हुए एक साल पूरा हो चुका है. 2023 की सबसे बड़ी हिट्स में से एक 'सालार' वैसे तो साल की सबसे बड़ी हिट्स में से एक थी, लेकिन जनता से फिल्म को वैसा शानदार रिस्पॉन्स नहीं मिला, जिसकी उम्मीद की जा रही थी. 'KGF 2' की धुआंधार कामयाबी के बाद प्रशांत नील से दर्शक एक और एपिक फिल्म की उम्मीद कर रहे थे. डायरेक्टर प्रशांत नील ने अपनी फिल्म की एनिवर्सरी के मौके पर एक प्रमोशनल इंटरव्यू किया और 'सालार' के बारे में डिटेल में बात की. नील ने बताया कि 'सालार 2' में वो क्या कमाल करने वाले हैं और सेकंड पार्ट के लिए वो कितनी मेहनत कर रहे हैं. प्रशांत नील की KGF फ्रैंचाइजी ने थिएटर्स में जमकर धमाल मचाया है. ऐसे में जब प्रशांत ने अपनी नई फिल्म के लिए प्रभास जैसे बड़े स्टार्स से हाथ मिलाया तो फैन्स को इस फिल्म से बहुत तगड़े धमाके की उम्मीद थी. फिल्म ने कमाल तो किया मगर कहीं ना कहीं लोगों को इस फिल्म में कुछ कमियां नजर आईं. नए इंटरव्यू में प्रशांत ने बताया है कि 'सालार' की कामयाबी से उन्हें कितनी खुशी हुई और ये फिल्म बनाते हुए उनसे क्या गलती हुई. उन्होंने कहा, 'मैं पूरी तरह खुश तो नहीं हूं... पहले पार्ट के लिए मैंने जितना एफर्ट लगाया उससे मैं थोड़ा निराश हूं.

Highlights

1. 3 Khalistani terrorists wanted in Punjab killed in encounter in UP
2. 100-kg python found near girls hostel at Assam University, video shows its rescue
3. 6 Osmania University members booked for vandalising Allu Arjun's Hyd home
4. Rahul seen enjoying family lunch amid row over Parliament scuffle
5. Woman conned of ₹30 lakh by cybercriminals in Bengaluru

# Congress slams govt over 'caramel popcorn GST' social media debate: 'Absurdity...'



**NEW DEIHI, (Agency).** Amid social media debate over Finance Minister Nirmala Sitharaman's take on three different tax slabs for popcorn under Goods and Services Tax (GST), Congress on Sunday said the "absurdity" of it only brings to light the growing complexity of the system and asked whether the Modi government will show the courage to launch a complete revamp for instituting a GST 2.0.

GST Council on Saturday agreed to issue a clarification on taxation of popcorn, saying that pre-packed and labelled ready-to-eat snacks will attract a 12 per cent tax while an 18 per cent GST will be levied if it is caramelised.

A video of Finance Minister Nirmala Sitharaman's briefing over the 55th meeting of the GST Council that took place on December 21 has been going viral. In the video, Sitharaman clarified that ready to eat popcorn which is mixed with salt and spices are classifiable under 'namkeens' attracts five per cent GST if supplied as other than pre-packaged and labelled and 12 per cent GST if supplied as pre-packaged and labelled.

"However, when popcorn is mixed with sugar thereby changing its character to sugar confectionary (Ex: caramel popcorn), it would be classifiable under HS 1704 90 90 [sugar confectionary] and attract 18 per cent GST," Sitharaman said in the press briefing.

"When you talk outside it looks silly... but during discussions with states in Fitment Committee on on every item, it is clearly mentioned that things with added sugar are treated differently... be it drinks, carbonated drinks, juice... whatever has added sugar. This is why, till the time popcorn is salted, it attracts five per cent GST.

# Zomato shares unexpectedly in the red after Sensex entry

**NEW DEIHI, (Agency).** Zomato Ltd shares saw an unexpected drop after the food delivery giant got included in the Bombay Stock Exchange's (BSE) Sensex index comprising of the top 30 stocks in the country.

At 9:45 am IST, Zomato shares dropped by 2.09% or by ₹5.90, trading at ₹275.95 on the BSE.




This comes after brokerages had expected the company to receive huge inflows worth $513 million or ₹4,362.35 crore because of the Sensex inclusion.

Zomato got included on the Sensex on Monday, December 23, 2024, replacing JSW Steel Ltd.

Brokerage firm Nuvama had expected JSW Steel to lose an estimated $252 million (₹2,142.91 crore) in market capitalisation as a result.

How did JSW Steel shares perform?

However, JSW Steel shares saw a 1.58% or ₹14.55 uptick at the same time, trading at ₹933 on the BSE.

Zomato's inclusion comes at a time when the food delivery giant's shares rallied nearly 43% over the last six months and about 126% over the last year.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

**www.babapandit.com**

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे ।

**Email - babapandit.in@gmail.com**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक